Dainik Bhaskar (Indore), 17th August 2020, Page-6

# स्वतंत्रता दिवस पर आईआईटी छात्रों को मिली नए होस्टल की सुविधा

**इंदौर|** आईआईटी इंदौर के छात्रों को संस्थान ने स्वतंत्रता दिवस पर नए होस्टल की सुविधा दी है। प्रभारी निदेशक डॉ. नीलेश जैन ने डॉ. सीवी रमन हॉल ऑफ रेसीडेंस का उद्घाटन किया। यह पांचवां होस्टल है, जिसमें 98 इकाइयां बनी हैं। इनमें 490 छात्र रह सकते हैं। हर यूनिट में पांच छात्रों के लिए अलग-अलग बेडरूम के साथ कॉमन किचन सहित अन्य सुविधाएं मौजूद हैं। परिसर में झंडावंदन भी किया गया।

निदेशक ने विंध्याचल गेस्ट हाउस का भी उद्घाटन किया। इसमें संस्थान के मेहमानों के लिए 18 लग्जरी कमरे और वीआईपी गेस्ट के लिए एक सुइट भी है। इसके अलावा 15 अगस्त के कार्यक्रम के दौरान परिसर में नर्सरी स्कूल और क्रेच का भी उद्घाटन किया गया। संस्थान के कर्मचारी छोटे बच्चों को क्रेच में रख सकते हैं।